प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 16.12.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. राष्ट्र आज मना रहा विजय दिवस, प्रधानमंत्री ने कहा– 1971 में भारतीय सैनिकों के शौर्य और बलिदान ने भारत को पाकिस्तान पर दिलाई ऐतिहासिक जीत।

2. झारखंड हाईकोर्ट ने फर्जी नक्सल सरेंडर मामले की जांच को लेकर दायर जनहित याचिका निष्पादित की, प्रभारी डीजीपी ने बताया– जांच प्रक्रिया अंतिम चरण में, जल्द पूरी होगी।

3. स्वास्थ्य विभाग ने सभी जिलों के सिविल सर्जन को चिकित्सा सेवा सुदृढ़ करने का दिया निर्देश, राज्यभर के अस्पतालों और विभिन्न जगहों पर बनाये जायेंगे 49 ट्रॉमा सेंटर।

4. भारतीय जनता पार्टी ने जमशेदपुर में अठाइस मंडलों में सत्रह मंडल अध्यक्षों के नामों की घोषणा की, कई मंडलों में नए अध्यक्षों को दी गयी जिम्मेवारी।

5. लखनऊ में आयोजित 69वीं राष्ट्रीय स्कूली एथलेटिक्स प्रतियोगिता के अंडर–17 बालक वर्ग में झारखंड का शानदार प्रदर्शन, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने खिलाड़ियों को दी बधाई।

****

राष्ट्र आज विजय दिवस मना रहा है, जो 1971 के युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की विजय की याद दिलाता है। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उन वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की, जिनके साहस और बलिदान ने 1971 में ऐतिहासिक विजय सुनिश्चित की। राष्ट्रपति ने कहा कि सैनिकों के साहस, वीरता और मातृभूमि के प्रति समर्पण ने देश को गौरवान्वित किया है। वहीं प्रधानमंत्री ने वीर सैनिकों के बलिदान को याद करते हुए कहा कि उनके दृढ़ संकल्प और निःस्वार्थ सेवा ने राष्ट्र की रक्षा की और भारत के इतिहास में गौरव का एक क्षण अंकित किया।

****

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने विजय दिवस पर 1971 के युद्ध में जान गंवाने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि दी। नई दिल्ली में विजय दिवस के उपलक्ष्य में वेटरन्स इंडिया द्वारा आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में भारत की निर्णायक कार्रवाई की गूंज पूरे विश्व ने सुनी है। इस मौके पर श्री सेठ ने देश के बेहतरीन संस्थानों को शिक्षा के क्षेत्र से परे उनके असाधारण योगदान के लिए प्राइड ऑफ नेशन अवार्ड् 2025 से सम्मानित किया।

****

झारखंड हाईकोर्ट ने फर्जी नक्सल सरेंडर मामले की जांच को लेकर दायर जनहित याचिका सोमवार को निष्पादित कर दी। चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान और जस्टिस राजेश शंकर की अदालत में डीजीपी ने शपथपत्र दाखिल कर अदालत को बताया कि इस मामले की जांच अंतिम चरण में है। उन्होंने अदालत को बताया कि जो भी नक्सली हैं वे सरेंडर पॉलिसी के तहत मिलने वाली सुविधा का लाभ लेने के लिए याचिका दायर कर सकते हैं। गौरतलब है कि वर्ष 2014 में राज्य के 514 आदिवासी युवकों को नौकरी देने के नाम पर फर्जी नक्सली बताकर सरेंडर कराने की योजना बनी थी।

****

भारतीय जनता पार्टी ने जमशेदपुर में अठाइस मंडलों में सत्रह मंडल अध्यक्षों के नामों की घोषणा की। कई मंडलों में नए अध्यक्षों को जिम्मेदारी दी गई है, जबकि कुछ मंडलों में पुराने अध्यक्षों पर ही पार्टी ने भरोसा

जताया है। इस मौके पर भाजपा के जिलाध्यक्ष सुधांशु ओझा ने बताया कि कई मंडलों में अध्यक्ष भी बदल दिये गये हैं। इसके साथ ही मंडल प्रतिनिधियों की भी घोषणा की गई है।

यह घोषणा जमशेदपुर महानगर के चुनाव प्रभारी सह बोकारो के पूर्व विधायक बिरंची नारायण एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने की।

****

स्वास्थ्य विभाग ने राज्य के अस्पतालों में 49 ट्रॉमा सेंटर स्थापित करने का निर्णय लिया है। रांची स्थित नेपाल हाउस में आयोजित समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अपर सचिव अरूण कुमार सिंह ने सभी सिविल सर्जनों को स्वास्थ्य सेवाओं से सुदृढ़ करने का निर्देश दिया। इस दौरान टेली आईसीयू जैसी योजनाओं पर चर्चा की गयी। जानकारी दी गयी कि सदर अस्पतालों को मेडिकल कॉलेजों को हस्तांरित किया जायेगा। इसके बाद इन अस्पतालों के संचालन की जिम्मेवारी मेडिकल कॉलेजों की होगी।

****

हजारीबाग प्रमंडलीय आयुक्त पवन कुमार ने भूमि विवाद पर अंचल कार्यालय की लापरवाही बताया है। प्रमंडलीय आयुक्त ने धनबाद में आयोजित राजस्व कार्यशाला में लंबित दाखिल खारिज के मामले, दोहरी जमाबंदी, गैरमजूरवा भूमि को कब्जा मुक्त कराने सहित अन्य विषयों की जानकारी दी। आयुक्त ने स्वीकार किया कि अंचल कार्यालय की लापरवाही के कारण भूमि से जुड़े मामले बढ़ रहे हैं।

****

गुमला जिले में आयुष्मान कार्ड निर्माण को लेकर जिला प्रशासन एक दिसंबर से 20 दिसम्बर तक कैम्प आयोजित कर रहा है।

****

राज्य के_नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने गिरिडीह में सर जेसी बोस सीएम एक्सीलेंस स्कूल में महान वैज्ञानिक सर जेसी बोस की प्रतिमा का अनावरण और उनके नाम पर बने पार्क का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मंत्री ने कहा कि पौधों में जीवन की खोज वैज्ञानिक जेसी बोस ने किया था। हर विद्यार्थी को उनके जीवन की जानकारी होना जरुरी है।

****

रांची सर्राफा बाजार में आज 22 कैरट सोने का भाव एक लाख 24 हजार 500 रूपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी दो लाख वार हजार रूपये प्रतिकिलो है।

****

मौसम विज्ञान केंद्र ने अगले 20 दिसंबर तक झारखंड में ठंड से थोड़ी राहत मिलने का अनुमान जताया है। इस दौरान दिन में अधिकतम तापमान 22 से 25 डिग्री के बीच, जबकि न्यूनतम तापमान 9 से 12 डिग्री सेल्सियस रहने की उम्मीद जतायी है।

****

लखनऊ में आयोजित 69वीं राष्ट्रीय स्कूली एथलेटिक्स प्रतियोगिता के अंडर–17 बालक वर्ग में झारखंड ने शानदार प्रदर्शन किया है। प्रतियोगिता में ट्रिपल जंप स्पर्द्धा में विनीत उरांव ने रजत पदक जीता जबकि तीन हजार मीटर की दौड़ में संतोष कुमार ने कांस्य पदक जीतकर झारखंड का नाम रोशन किया। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह, परियोजना निदेशक शशि रंजन ने बधाई दी।

****